प्रदेश में 4 नए मेडिकल कॉलेजों का शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

30 सितंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से राजस्थान के सिरोही, बांसवाड़ा, हनुमानगढ़ एवं दौसा ज़िलों में स्थापित किये जाने वाले 4 नए मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री से बाकी बचे **जालौर, राजसमंद और प्रतापगढ़ ज़िलों** में भी राजकीय मेडिकल कॉलेज को शीघ्र मंज़ूरी देने का आग्रह किया।
- उन्होंने कहा कि राज्य के 33 में से 30 ज़िलों में मेडिकल कॉलेज या तो संचालित हैं या फिर निर्माण की प्रक्रिया में हैं और वर्ष 2023 तक ये संचालन अवस्था में होंगे।
- **उल्लेखनीय है कि केंद्र प्रायोजित योजना के तहत वर्तमान में राजस्थान में 16 मेडिकल कॉलेजों का निर्माणकार्य प्रक्रियाधीन है।** 5 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बन रहे इन महाविद्यालयों की कुल लागत का 40 प्रतिशत हिस्सा (लगभग 2 हज़ार करोड़ रुपए) राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।
- ये कॉलेज सिरोही, बांसवाड़ा, हनुमानगढ़ और दौसा के अलावा अलवर, बूंदी, टोंक, झुंझुनूं, नागौर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर, चित्तौड़गढ़, बारां, सवाई माधोपुर, करौली तथा धौलपुर में भी बन रहे हैं।
- वर्तमान में राज्य में राजकीय मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 2830 सीटें हैं। निर्माणाधीन सभी राजकीय मेडिकल कॉलेजों के आरंभ होने के बाद एमबीबीएस सीटों की संख्या बढ़कर 4 हज़ार से अधिक होने की संभावना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/foundation-stone-of-4-new-medical-colleges